ब्रेकर पर बाइक हुई असंतुलित गिरने से महिला की मात

चित्रकूट। बेडीपुलिया के पास ब्रेकर में गिरने से एक महिला लहूलुहान हो गयी। अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। महिला के पति ने बताया कि इसके पहले पीछे से बोलेरो ने टक्कर मारी थी। इससे बाइक भी अनियंत्रित हो गयी थी। शिवरामपुर के भंभई गांव निवासी रामस्वरुप पाल ने बताया कि शुक्रवार की रात लगभग नौ बजे वह बाइक से पत्नी को लेकर मुख्यालय कर्वी में सजे देवी पण्डालों में देवी दर्शन कराने पत्नी पार्वती देवी (४०) को लेकर आ रहा था। जैसे ही झांसी मीरजापुर राष्ट्रीय राजमार्ग के सदर कोतवाली क्षेत्र



मृतका पार्वती देवी की फाइल फोटो।

बेडीपुलिया के पास पहुंचा तो पीछे से बोलेरो ने बाइक पर टक्कर मार दी। इससे बाइक असंतुलित होकर आगे बढ़ी और ब्रेकर पर पहुंचते ही उसकी पत्नी उछलकर गिरी और उसके सिर पर गंभीर चोट आई। उसने खुद को किसी तरह बाइक समेत संभाला। राहगीरों की मदद से एंबुलेंस द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार की सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। कोतवाल अभय राज सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन को सौंपा गया है। उसके दो पुत्र पंकज दीपक और एक पुत्री अन्नू है। पति हैदराबाद में प्राइवेट नौकरी करता है जो दशहरे के पर्व पर अवकाश लेकर आया था।

३५ मुकदमों के माल का किया गया विनष्टीकरण

चित्रकूट। न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन एफटीसी के आदेश के अनुपालन में आबकारी अधिनियम से संबंधित कुल ३५ मुकदमों (३१ अभियोग माल मुकदमाती एवं चार अभियोग निर्णीत शुदा) के माल का विनष्टीकरण किया गया।

न्यायालय के आदेशानुसार गठित समिति में अभियोजन अधिकारी, क्षेत्राधिकारी राजापुर, जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी निरीक्षक, फौजदारी लिपिक तथा सरधुआ थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव की मौजूदगी में नियमानुसार नमूना शेष रखते हुए विहित प्रक्रिया अपनाकर माल को गड्ढे में दबाकर एवं जलाकर विनष्ट किया गया। संपूर्ण विनष्टीकरण की कार्यवाही की वीडियोग्राफी करायी गयी।

तूतीपुर में गहरे कुएं में गिरी बुजुर्ग महिला

अग्निशमन विभाग की मुस्तैदी से बची जान

जौनपुर। नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत तूतीपुर मोहल्ले में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गयी, जब ५८ वर्षीय महिला सुमन सेठी अचानक अनियंत्रित होकर गहरे कुएं में गिर गईं। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुट गये और तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचना दी।

सूचना मिलते ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निर्देश पर फायर ब्रिगेड की रेस्क्यू टीम उपकरणों के साथ मौके पर पहुंची। जवानों ने बिना समय गंवाए कुएं में उतरकर सावधानीपूर्वक बचाव अभियान चलाया। जवानों ने रस्सियों और सुरक्षा बेल्ट के सहारे कड़ी मशक्कत के बाद महिला को सकुशल बाहर निकाल लिया। मामूली प्राथमिक उपचार के बाद महिला की स्थिति सामान्य बताई गयी है। फायर ब्रिगेड की त्वरित काररवाई की स्थानीय नागरिकों ने सराहना की।

युवक को लाठी-डंडों से पीटकर किया लहूलुहान

जौनपुर। खेतासराय थाना क्षेत्र में राहगीरों पर हमले की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। शनिवार दोपहर गुरैनी-कलापुर नहर मार्ग पर दिनदहाड़े दो बाइकों से पहुंचे चार मनबढ़ों ने एक युवक को रोककर लाठी-डंडों एवं पंच से मारकर गंभीर रूप से लहूलुहान कर दिया।

कोतवालिया कलापुर निवासी पीड़ित के भाई सलीम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई मुस्तकीम दोपहर करीब दो बजे गुरैनी बाजार से घर लौट रहा था। जैसे ही वह नहर मार्ग पर पहुंचा, बाइक सवार चार युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया। गाली-गलौज का विरोध करने पर हमलावरों ने ताबड़तोड़ वार कर उसे अधमरा कर दिया। राहगीरों को अपनी ओर आता देख आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। पुलिस तहरीर के आधार पर हमलावरों की पहचान एवं जांच में जुटी है।

डीएम-एसपी ने विज्ञान बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

चित्रकूट। डीएम पुलकित गर्ग एवं एसपी अरुण कुमार सिंह ने तुलसी इंटर कालेज राजापुर में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद प्रायोजित विज्ञान बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा जनपद के लिए एक माह की अवधि के लिए विज्ञान बस उपलब्ध करायी गयी है। जिला विज्ञान क्लब, चित्रकूट के माध्यम से इस बस का संचालन जनपद के विभिन्न हाईस्कूल एवं इंटर कालेजों में निर्धारित रोस्टर के अनुसार किया जायेगा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि एवं जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें प्रयोगों के माध्यम से भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं अन्य वैज्ञानिक विषयों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना है। अब तक लगभग पांच हजार विद्यार्थी विज्ञान बस का अवलोकन कर चुके हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनपद के सभी हाईस्कूल एवं इंटर कालेजों के प्रधानाचार्यों से अपील की कि वे अपने विद्यालय के विद्यार्थियों को विज्ञान बस का अवलोकन अवश्य कराएं, ताकि विद्यार्थी इसमें उपलब्ध वैज्ञानिक उपकरणों एवं प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान के सिद्धांतों को सरलता से समझ सकें और उनका व्यावहारिक ज्ञान अर्जित कर सकें।

कार्यक्रम के दौरान कानपुर आईटी से आए प्रशिक्षक बृकेश शर्मा तथा विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान बस में उपलब्ध विभिन्न वैज्ञानिक उपकरणों एवं माडलों का अवलोकन किया। इनमें सूक्ष्मदर्शी, ३डी प्रिंटर, कार्बनिक यौगिकों की संरचना, वर्नियर कैलिपर्स, आप्टिकल बेंच, ओम का नियम, पेरिस्कोप एवं अभिसारी लेंस सहित अन्य उपकरण शामिल रहे। विद्यार्थियों को इन उपकरणों की कार्यप्रणाली एवं वैज्ञानिक उपयोगिता के संबंध में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ला सहित विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

ट्रेन से गिरने पर यात्री की मौत

चित्रकूट। मुंबई से छुट्टी लेकर घर गोरखपुर जा रहे एक यात्री की मानिकपुर प्रयागराज रेलमार्ग के बीच बारामाफी स्टेशन के आउटर पर शुक्रवार की रात को चलती ट्रेन से गिरने पर मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची जीआरपी टीम ने मृतक के मोबाइल से परिजनों को जानकारी दी।शनिवार को गोरखपुर जिले के कौडीराम थाना अंतर्गत माहोपार गांव निवासी ज्ञान प्रकाश चौधरी ने बताया कि उसका छोटा भाई ५५ वर्षीय गुलाब चौधरी मुंबई में प्राइवेट नौकरी करता था। दशहरा मनाने के लिए छुटटी लेकर शुक्रवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस ट्रेन से मुंबई से गांव के लिए चले थे। शनिवार देर रात को जीआरपी मानिकपुर से फोन आया कि गुलाब की ट्रेन से गिरने पर मौत हो गयी है। जीआरपी प्रभारी हरेंद्र कुमार ने बताया कि रात दस बजे बारामाफी स्टेशन के आउटर के पास गिरने से उनकी मौत हुई है। उनके मोबाइल से ही स्वजन को सूचनादी गयी। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन को सौंपा गया। उनके एक पुत्र एक पुत्री है। परिजन शव को लेकर गांव रवाना हो गये।

पूजन के दौरान युवक की बिगड़ी हालत, मौत

चित्रकूट। पहाड़ी थाना क्षेत्र के कादरगंज गांव में शनिवार की रात को देवी मंदिर में चल रहे पूजन कार्यक्रम के दौरान गांव के मुन्ना लाल यादव (४२) की तबीयत खराब हो गयी। वह मंदिर के पास बेहोश हो गये। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। यहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके दो बच्चे हैं। परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव गांव ले गये।

तीन ने निगला जहरीला पदार्थ, एक रिफर

चित्रकूट। सदर कोतवाली क्षेत्र के चंद्रगहना गांव निवासी ६५ वर्षीय बुजुर्ग सूरतिया देवी ने रविवार की सुबह घर में जहरीला पदार्थ निगल लिया। उनकी हालत बिगड़ने पर स्वजन को जानकारी हुई तो जिला अस्पताल लेकर आए। प्राथमिक इलाज के बाद डाक्टरों ने उन्हें प्रयागराज रिफर कर दिया। इसके अलावा सीतापुर निवासी केतकी देवी और शंकर बाजार कर्वी निवासी पवन कुमार ने अज्ञात कारण के चलते अपने घरों में जहरीला पदार्थ निगल लिया। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ट्रकों से डीजल चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

जौनपुर। सिंगरामऊ थाना पुलिस ने हाईवे पर खड़े ट्रकों से असलहे के बल पर डीजल चोरी करने वाले गिरोह के एक शातिर सदस्य को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पकड़े गये अभियुक्त की पहचान सुल्तानपुर जनपद के बंधुआकला थाना क्षेत्र स्थित ककरहिया निवासी सचिन यादव पुत्र पारसनाथ यादव के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, बीती रात चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी की गयी, तो आरोपित ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से स्कार्पियो चढ़ाने का प्रयास किया। पुलिसकर्मियों ने सूझबूझ से उसे दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चोरी का डीजल, .३१५ बोर का देशी तमंचा, एक जिंदा कारतूस और घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो बरामद की गयी। उल्लेखनीय है कि १५ अक्टूबर को इटावा निवासी ट्रक चालक मनीष कुमार ने सिंगरामऊ थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी कि जौनपुर हाईवे पर स्कार्पियो सवार चार अज्ञात बदमाशों ने असलहा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और जबरन टंकी से १२० लीटर डीजल निकलवा लिया था। पुलिस पकड़े गये आरोपित के अन्य साथियों की तलाश में जुटी है।

रबी की बोआई नजदीक, सरकारी समितियों पर खाद नदारद

जौनपुर। रबी सीजन की बुआई शुरू होते ही जनपद में उर्वरक (खाद) का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। साधन सहकारी समितियों से डीएपी और यूरिया गायब होने से अन्नदाताओं की पेशानी पर बल पड़ गये हैं। किसानों का आरोप है कि सरकारी समितियों पर खाद पहुंचने के बावजूद चहेतों को बांट दी जाती है, जबकि आम किसानों को 'खाद समाप्त' का बोर्ड दिखाकर बैरंग लौटा दिया जाता है। इस किल्लत का सीधा फायदा निजी खाद विक्रेता उठा रहे हैं। शिकायत के अनुसार, सरकारी दर पर १,४४० रुपये में मिलने वाली डीएपी की बोरी खुले बाजार में १,८०० से २,००० रुपये तक में बेची जा रही है। वहीं २६६ रुपये निर्धारित दर वाली यूरिया के लिए ३५० से ४०० रुपये वसूले जा रहे हैं। जुताई, बीज और सिंचाई की बढ़ती लागत के बीच खाद की कालाबाजारी ने किसानों की कमर तोड़ दी है। किसानों ने जिलाधिकारी से समितियों पर पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने और ओवररेटिंग करने वाले दुकानदारों पर छापेमारी की मांग की है।

अरितेक-दीपेंद्रके खेलसे ब्लू इलेवन बी को मिली जीत

अरितेक सिंह (२८ रन) और दीपेंद्र राज बीसेट टैलेंट हंट अंडर-१० क्रिकेट प्रतियोगिता की।

प्रयागराज खेल



पांच रु द्र ने नाबाद आठ रन बनाए। ब्लू इलेवन बी की कुमार ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में ब्लू मुकाबला अपने नाम कर लिया। दीपेंद्र राज ने आदर्श, आदी राजपूत और रचित पटेल ने एक-एक विकेट लिया।

(३१ रन) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत ब्लू इलेवन बी ने के लीग मैच में ब्लू इलेवन को सात विकेट से हराकर जीत दर्ज रविवार को ब्लू इलेवन क्लब मैदान पर खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्लू इलेवन ने निर्धारित २० ओवर विकेट पर १०७ रन बनाए।

नारायण त्रिपाठी ने २८, आदर्श ने आठ और दिव्यराज ठाकुर ओर से कबीर ने दो, दीपेंद्र राज, अल बशर अली और ताशिश इलेवन बी ने १३ ओवर में तीन विकेट पर १०८ रन बनाकर ३१ और अरितेक सिंह ने २८ रन बनाए। ब्लू इलेवन की ओर से

विपिनके खेलसे फीनिक्स इलेवनको मिली जीत



विपिन कुमार यादव के हरफनमौला खेल (७१ रन नाबाद एवं ४-०-१९-५) की बदौलत फीनिक्स इलेवन ने केएस स्पोर्ट्स ३० प्लस कलर ड्रेस टी-२० प्रतियोगिता के लीग मैच में चंद्रकला यूनिवर्सल प्राइवेट लिमिटेड को पांच विकेट से हराकर जीत दर्ज की। रविवार को भानु प्रताप सिंह क्लब मैदान पर खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए चंद्रकला यूनिवर्सल की टीम २० ओवर में १५५ रन (रविंद्र आनंद ३५, कृष्णा मूर्ति नाबाद २३, ऐमन सिद्दीकी २३, गौरव पाठक २२, रिशद खान २१, विपिन कुमार यादव ५/१९, शिवम अरोड़ा और निशांत ने दो-दो तथा अंकित अरोड़ा विकेट)।

जवाब में फीनिक्स इलेवन ने १७.४ ओवर में पांच विकेट पर १५७ रन (विपिन कुमार यादव ७१ नाबाद गौरव मध्यान ३५ नाबाद, अभिषेक गुप्ता १८, अजय यादव तीन और ऋषभ मिश्रा दो विकेट) बना लिए। विपिन कुमार यादव को मैन आफ द मैच चुना गया।

नेशनल स्पोर्टिंगने जीता हाकी प्रतियोगिताका खिताब



इलाहाबाद हाकी के तत्वावधान में आयोजित चौथी सर सैयद अहमद हॉकी प्रतियोगिता का खिताब नेशनल स्पोर्टिंग ने अपने नाम कर लिया। शगुन स्पोर्ट्स एरीना में शनिवार रात खेले गए फाइनल मुकाबले में नेशनल स्पोर्टिंग ने मजीदिया इस्लामिया इंटर कालेज (एमआईसी) को ६-४ से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि पूर्व ओलंपियन, पद्मश्री एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित जफर इकबाल ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं पुरस्कार वितरित किया। इस अवसर पर मोहम्मद आरिफ, अरशद अली, अकील अहमद और इमरान अंसारी को गेस्ट आफ आनर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह में इलाहाबाद हाकी की सचिव पुष्पा श्रीवास्तव, उपसचिव एवं आयोजन सचिव शाहिद कमाल खान, एमएमयू ओल्ड ब्वायज के अध्यक्ष सोहेल अहमद, सचिव अबरार अहमद, कोषाध्यक्ष डा. इंतखाब आलम, प्रवक्ता (हिंदी) सऊद, डा. बिलाल और डा. हाशमी समेत कई पदाधिकारी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

रेलगांव क्लब एवं जैदी इंडोर क्लब बी की जीत



सैयद असद कासिम अंडर-१६ क्रिकेट प्रतियोगिता

सैयद असद कासिम अंडर-१६ क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को रेल गांव क्लब और जैदी इंडोर क्लब बी ने अपने-अपने मुकाबले जीत लिए। मजीदिया इस्लामिया इंटर कालेज मैदान पर खेले गए पहले मैच में रेल गांव क्लब ने २० ओवर में पांच विकेट पर १९८ रन (मोहम्मद अकसम अली ५८, शादान अब्बास रिजवी ३९, हर्षित जी सहाय २८, अनंत पाल १८, मोहम्मद अशरफुल हक १७ नाबाद, अंश कुमार, खलीफा फरहान, हमजा अली, गुलाम कादिर और मोहम्मद हमजा खान एक-एक विकेट) बनाये। जवाब में एमआईसी बी की टीम १७.५ ओवर में ६८ रन (मोहम्मद हमजा खान १९, अब्दुल रहमान ११ रन, रेहान वजाहत ५/११, आयुष्मान वर्मा व हुजैफा हाद दो-दो तथा श्लोक चतुर्वेदी एक विकेट) पर सिमट गई। रेहान वजाहत को पूर्व क्रिकेटर फय्याज अहमद ने मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया।

दूसरे मैच में विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल की टीम १७.१ ओवर में १०५ रन (रजाउद्दीन २०, अभिषेक अग्रहरि १४, शिवांश मिश्रा ४/१८, विकेट, आर्यन मिश्रा और पवन ने दो-दो, अहमद रजा और अर्श अहमद ने एक-एक विकेट) बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जैदी इंडोर क्लब बी ने १७.२ ओवर में तीन विकेट पर १०८ रन (शुभ सोनी ४५, दिव्यांश सिंह २६ नाबाद, शुभम पाल २/११, प्रियम सिंह १/२२) बना लिये। शिवांश मिश्र को मैन आफ द मैच चुना गया। मैच से पहले आल इंडिया हज कमेटी के पूर्व चेयरमैन शाहीन काजमी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन मजीदिया इस्लामिया इंटर कॉलेज के प्रबंधक फरहान उल्लाह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया।

प्रतियोगिता के मुख्य संरक्षक गौहर काजमी और महासचिव शाहिद अस्करी ने बुके देकर उनका स्वागत किया। आयोजन सचिव शमशाद अहमद (चंदू) ने धन्यवाद ज्ञापित एवं एमआईसी के पूर्व कीड़ाध्यक्ष अकील अब्बास रिजवी ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर लियाकत अली, शमशेर अली, ओमप्रकाश श्रीवास्तव (राजा बेटा), इम्तियाज करीम, संतोष कुमार यादव, मधु शुक्ला, अख्तरुल इस्लाम, मसूद खान, जावेद हुसैन, आबिद मंजूर, मोहम्मद असलम, हसीन अहमद, अरशद अल्वी आदि मौजूद रहे। दोनों मैच में शिशिर मेहरोत्रा एवं राहुल सिंह ने अंपायरिंग एवं खुर्शीद अहमद एवं मोहम्मद नबी ने स्कोरिंग की।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, प्रतापगढ़

ई-निविदा आमंत्रण सूचना (स्वीकृति की प्रत्याशा में)

पत्रांक : 3767/26एम/ ई-टेण्डरिंग/2026 दिनांकः 12.10.2026

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, प्रतापगढ़ द्वारा द्वारा उ.प्र. लो.नि.वि. के सक्षम (ए, बी, सी, डी.) श्रेणी के पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दर के आधार पर निम्नलिखित कार्य की निविदा ऑन लाईन आमंत्रित की जाती है।

क्र स.	विधानसभा	कार्य का नाम	अनुमानित लागत(रू. लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (रू. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
वित्तीय वर्ष 2026-27 में विशेष मरम्मत योजनान्तर्गत कार्य						
1	प्रतापगढ	सराय महिमा सम्पर्क मार्ग।	10.63	1.06	944.00	2 माह
2	प्रतापगढ	कटका धरौली मार्ग।	30.67	3.07	944.00	2 माह
3	प्रतापगढ	सी0एम0एस0 मार्ग से बोझी सम्पर्क मार्ग।	22.08	2.21	944.00	2 माह
4	प्रतापगढ	सी0एम0एस0 मार्ग से सोनांवा हनुमान मन्दिर सम्पक मार्ग।	10.16	1.02	944.00	2 माह
5	प्रतापगढ	सी0एम0एस0 मार्ग से कांपा सम्पर्क मार्ग।	26.10	2.61	944.00	2 माह
6	प्रतापगढ	धरौली मधुपुर बजेठी सम्पर्क मार्ग।	10.76	1.08	944.00	2 माह
7	प्रतापगढ	एन0एच0-330 से दुबान बस्ती सम्पर्क मार्ग	11.18	1.12	944.00	2 माह
8	प्रतापगढ	उसका सम्पर्क मार्ग से मिश्रान बस्ती सम्पर्क मार्ग।	8.07	0.81	944.00	2 माह
9	प्रतापगढ	सी0एम0एस0 मार्ग से बी0टी0सी0 डिग्री कॉलेज वाया अतरसण्ड सम्पर्क मार्ग।	30.45	3.04	944.00	2 माह
10	प्रतापगढ	डी0आर0पी0के0 मार्ग से मदाफरपुर से गुप्ता बस्ती सम्पर्क मार्ग।	6.14	0.61	944.00	2 माह
11	प्रतापगढ	सी0एम0एस0 मार्ग किमी0-17 से पाल बस्ती सम्पर्क मार्ग।	4.90	0.49	944.00	2 माह
12	प्रतापगढ	लाखीपुर सम्पर्क मार्ग से बोझवा सम्पर्क मार्ग।	6.68	0.67	944.00	2 माह
13	प्रतापगढ	कांधरपुर सराय से डुहिया सम्पर्क मार्ग।	18.66	1.87	944.00	2 माह
14	प्रतापगढ	बभनी गौरवारी लिक मार्ग से रामशिरोमणि पाण्डेय वाया बिरई का पुरवा सम्पर्क मार्ग।	4.12	0.41	944.00	2 माह
15	प्रतापगढ	आधारपुर में गायघाट मुख्य मार्ग से सेवक राय पुरवा तक सं0 मार्ग।	19.00	1.90	944.00	2 माह
16	प्रतापगढ	आधारपुर मुख्य मार्ग से भैरव सिंह के घर तक सं0 मार्ग।	4.54	0.45	944.00	2 माह
17	प्रतापगढ	महमदापुर में श्रीराम के घर तक सम्पर्क मार्ग।	8.19	0.82	944.00	2 माह
18	प्रतापगढ	कल्यानपुर से महादेव प्रधान के घर तक सम्पर्क मार्ग।	9.64	0.96	944.00	2 माह
19	प्रतापगढ	बजऊ का पुरवा से बैंक आफ बड़ौदा तक सम्पर्क मार्ग।	11.92	1.19	944.00	2 माह
20	प्रतापगढ	प्रधान चौराहा से पूरे सहाई डेंगूर चेरई तक सम्पर्क मार्ग।	18.03	1.80	944.00	2 माह
21	प्रतापगढ	बाबूगंज चौराहा से अठगवां तक सम्पर्क मार्ग।	14.19	1.42	944.00	2 माह
22	प्रतापगढ	पदुमपुर सम्पर्क मार्ग।	5.97	0.60	944.00	2 माह
23	प्रतापगढ	गड़वारा राजापुर कला से संग्रामपुर मार्ग।	5.44	0.54	944.00	2 माह
24	प्रतापगढ	गायघाट सण्डवा चन्द्रिका से भैरोपुर सम्पर्क मार्ग।	25.10	2.51	944.00	2 माह

1 निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 24.10.2026 से 02.11.2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकेंगें। आन लाइन बिड दिनांक 02.11.2026 को दोपहर 12:00 बजे या इससे पूर्व ई-निविदाhttp://etender.up.nic.in पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा कर दी जाये एवं आन लाइन प्राप्त समस्त टेक्निकल बिड दिनांक 02.11.2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी।

2 निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर आन लाइन देखे जा सकते है। लोक निर्माण विभाग में निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्याम से होना है। प्रहरी का यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/Prahari/ है।

website : www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।
upid no. 258477 Date : 16.10.2026

(ओ0पी0 चौरसिया)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, प्रतापगढ़

पृष्ठ तीन का शेष

ग्वालियर...

के साथ मिलकर राहत-बचाव अभियान चलाया। मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला गया और एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। ग्वालियर के एसएसपी धर्मवीर सिंह ने बताया कि यह बेहद दुखद हादसा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु शीतला माता मंदिर जा रहे थे। छिनोर की तरफ से आने वाली सड़क पर ढलान काफी तेज है और इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक है। एसएसपी के मुताबिक, रात करीब डेढ़ बजे धान से भरा ट्रक वहां रोका गया था। रास्ते पर पुलिस की ओर से बैरिकेड लगाए गए थे, लेकिन ट्रक बैरिकेड तोड़कर आगे निकल गया। इसके बाद चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया।

ट्रक ढलान से नीचे आया और मंदिर की बाहरी दीवार तथा प्रवेश द्वार से टकरा गया। इस दौरान सड़क पर मौजूद श्रद्धालु ट्रक के नीचे कुचल गये। एसएसपी ने बताया कि हादसे के समय मौके पर ड्यूटी कर रहे दो पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। दोनों का इलाज चल रहा है। उनके अनुसार, हादसे में घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया। शुरुआती जानकारी में 39 लोगों को अस्पताल ले जाने की बात सामने आयी थी। एसएसपी के बयान के समय 12 लोगों की मौत की जानकारी दी गयी थी, जबकि अब इस हादसे में मृतकों की संख्या 14 बतायी जा रही है। पांच से छह मरीजों की हालत गंभीर होने और कुछ घायलों को फ्रैक्चर आने की भी जानकारी दी गयी थी। अन्य घायलों को भी इलाज मुहैया कराया जा रहा है। हादसे के एक चश्मदीद ने बताया कि घटना रात करीब एक बजे हुई। उसने मौके पर कुछ लोगों को दम तोड़ते देखा। चश्मदीद के मुताबिक, ट्रक में जरूरत से ज्यादा सामान भरा हुआ था।

ट्रक अचानक वहां पहुंचा और कई दुकानों तथा लोगों को कुचलता चला गया। चश्मदीद ने बताया कि उसका भाई भी इस हादसे में घायल हुआ है। घटना के बाद से घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ था। लोग घायलों की मदद करने और मलबे में फंसे लोगों को बाहर निकालने में जुटे थे। हादसे की भयावहता के कारण मौके पर मौजूद लोगों में दहशत फैल गयी। ग्वालियर की कलेक्टर रुचिका चौहान ने बताया कि नवरात्रि के दौरान इस सड़क पर स्टॉपर और पुलिस चेक-पॉइंट लगाया गया था। इसके बावजूद ट्रक वहां तक कैसे पहुंचा और बैरिकेड तोड़कर आगे कैसे निकल गया, इसकी जांच की जा रही है।

कांग्रेस संविधान...

मानहानि के 45 से ज्यादा मामले दर्ज हैं, जिनमें अमित शाह, मोदी जी और अन्य लोगों से जुड़े मामले शामिल हैं। कुल मिलाकर ये 45 मामले हैं। फिर भी, मैं हर मंच से कहता हूं कि नरेंद्र मोदी वोट चुराते हैं, और ऐसा कहने के लिए मेरे खिलाफ कभी कोई मामला दर्ज नहीं किया जाता। क्या आप जानते हैं क्यों? क्योंकि उन्हें डर है कि अगर वे खास तौर पर वोट चोरी को लेकर कोई मामला दर्ज करते हैं, तो यह एक बड़ी कानूनी लड़ाई बन जायेगी, और वे उसी में फंसकर रह जायेंगे। कांग्रेस ने इस अभियान के दौरान गोवा में जमीन के इस्तेमाल और भूमि परिवर्तन, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, सार्वजनिक सुरक्षा और राज्य की सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखने जैसे मुद्दे उठाये हैं।

पार्टी का कहना है कि गोवा की जमीन, पर्यावरण और स्थानीय संस्कृति की रक्षा जरूरी है। यात्रा के जरिए कांग्रेस ने इन विषयों पर लोगों के बीच अपनी बात रखी और विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जनसंपर्क बढ़ाने की कोशिश की। गोंय राखण यात्रा कांग्रेस का गोवा में चलाया गया जनसंपर्क अभियान है। इसका मुख्य उद्देश्य राज्य की जमीन, पर्यावरण, सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय पहचान से जुड़े मुद्दों को उठाना है। 22 सितम्बर से शुरू हुई यह यात्रा राज्य की सभी 40 विधानसभा सीटों तक पहुंचने के लिए आयोजित की गयी है और आज मडगांव में राहुल गांधी की जनसभा के साथ इसका समापन होना है।

भदोही : सड़क...

पहना था। हादसे में जान गंवाने वाले सूरज अपने माता-पिता की इकलौती संतान और चार बहनों के इकलौते भाई थे। परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियां भी उन्हीं के कंधों पर थीं। उनकी बहन रोशनी की शादी नवंबर में तय है। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं और परिवार खुशियों के दिन का इंतजार कर रहा था। इसी बीच सूरज की मौत की खबर ने परिवार को झकझोर दिया। जिस घर में जल्द ही शहनाइयां गूंजने वाली थीं, वहां चीख-पुकार मच गई। भाई की मौत से बहनों और माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाल विजय प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद तीनों शवों को औराई थाने पहुंचाया। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई की गई। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है, ताकि दुर्घटना की परिस्थितियों का पता लगाया जा सके। औराई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. नवनीत दुबे के अनुसार, तीनों युवकों की मौत ब्रेन हेमरेज के कारण हुई। प्रारंभिक जानकारी में हादसे के समय तीनों के हेलमेट नहीं पहनने की बात सामने आई है। तेज रफ्तार, ओवरटेक करने का प्रयास और हेलमेट का अभाव हादसे से जुड़े महत्वपूर्ण पहलू हैं। हालांकि, दुर्घटना के पूरे घटनाक्रम और कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा के प्रति लापरवाही के गंभीर परिणामों को सामने ला दिया है। तीन परिवारों ने अपने जवान बेटों को खो दिया, एक बहन की शादी की खुशियां मातम में बदल गईं और दो मासूम बेटियां पिता के सन्नेह से वंचित हो गईं। मेदनीपुर गांव में हर आंख नम है और हर जुबां पर तीनों दोस्तों की असमय मौत की चर्चा है।

न डरेंगे, न पीछे हटेंगे...

का जिक्र करते हुए साफ कहा कि गिरफ्तारियों और हिरासत में लिए जाने जैसी कार्रवाइयों के बावजूद उनका हौसला कम नहीं हुआ है। उनका मानना है कि इन घटनाओं के जरिए उन पर दबाव बनाने और उन्हें डराने की कोशिश की जा रही है। हालांकि, उन्होंने दो टूक कहा कि ऐसी कोशिशों से उनका इरादा नहीं बदलेगा और वे अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। अभिजीत दिपके ने उम्मीद जतायी कि सौरव दास और आशुतोष रांका को आज रिहा कर दिया जायेगा। उनके आने के बाद सभी लोग एक साथ बैठकर अब तक के घटनाक्रम पर चर्चा करेंगे। इसके बाद आगे की रणनीति तय की जायेगी ताकि आने वाले दिनों में किस तरह कदम बढ़ाने हैं, इस पर सबकी सहमति से फैसला लिया जा सके। अभिजीत दिपके ने बताया कि वह वृंदा मैम से मिलने जा रहे हैं। इस मुलाकात में कुछ कानूनी मामलों पर चर्चा की जायेगी। मौजूदा घटनाक्रम के बीच इस बैठक को आगे की कानूनी रणनीति के लिहाज से अहम माना जा रहा है